कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्री पवन शर्मा व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि भौंट,फतेहपुर,भरतपुर का स्थानांतरण राजकीय के.एस. उमावि पहाड़ी, भरतपुर किया गया। श्री पवन शर्मा ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 3740/2019 श्री पवन शर्मा बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3740/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.11.2019 द्वारा अपीलार्थी श्री पवन शर्मा से नियमानुसार रिक्त पदों के तीन विकल्प पत्र लेकर उसके पदस्थापन के संबंध में नियमानुसार नवीन आदेश पारित करने और तब तक अपीलार्थी को वर्तमान पद से कार्यमुक्त एवं कार्यग्रहण करने पर बल नही देने एवं नवीन आदेश पारित करने पर उक्त आदेश उसमें बाधक नहीं होने के अंतरिम आदेश पारित किये।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री पवन शर्मा द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के 05 सितम्बर 2016 को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं वर्ष 2016 के राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि सुनारी, सेवर, भरतपुर अथवा राउमावि कुम्हेर भरतपुर की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए एवं माननीय अधिकरण के निर्णय की अनुपालना में श्री पवन शर्मा व्याख्याता राजनीति विज्ञान राउमावि भौंट,फतेहपुर, भरतपुर का समायोजन राउमावि सुनारी,सेवर ,भरतपुर (08070506202) में व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–20 दिनांकः– 18/11/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा........................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा भरतपुर।
4. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) ....।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर